प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन आज सदन में ग्रामीण सड़कों और पुल निर्माण की निविदाओं में हो रही देरी का मामला गरमाया रहा। विधायक हेमलाल मुर्मू ने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 180 दिनों की वैधता बीत जाने के बाद भी कई टेंडर रद्द नहीं किए गए, जिससे विकास कार्य बाधित हो रहे हैं।

जवाब में ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दीपिका पांडे ने सदन को आश्वस्त किया कि पूरे मामले की समीक्षा की जा रही है।

विधायक अरूप चटर्जी ने नगर विकास विभाग का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जेपीएससी (सातवीं, आठवीं और नवमीं) की ओर से नियुक्त 63 अधिकारियों की सेवा संपुष्टि चार साल बाद भी नहीं हुई है। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जवाब दिया कि सेवा संपुष्टि की समय–सीमा दो वर्ष है, लेकिन कुछ प्रमाण–पत्रों की जांच में देरी हुई है।

****

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की ओर से चल रही आपराधिक कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। अदालत ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी कर निर्धारित समय में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में कार्रवाई जारी रखने की अनुमति दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने कक्षा 8 की एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के उल्लेख का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया। न्यायालय की इस पीठ में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायालय के समक्ष कहा कि कक्षा 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। न्यायमूर्ति बागची ने टिप्पणी की कि यह विषयवस्तु संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध प्रतीत होती है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बार एसोसिएशन और पीठ दोनों ही इससे चिंतित हैं।

****

होली में यात्रियों की भीड़ को लेकर रांची रेल मंडल विभिन्न गंतव्यों के लिए 10 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का चलाएगा। हटिया–दुर्ग स्पेशल ट्रेन तीन से 31 मार्च तक हर मंगलवार और गुरुवार को हटिया से रवाना होगी वहीं, दुर्ग–हटिया स्पेशल ट्रेन चार मार्च से एक अप्रैल तक हर बुधवार और शुक्रवार को दुर्ग से रवाना होगी।. सांतरागाछी–अजमेर स्पेशल ट्रेन दो से 30 मार्च तक हर सोमवार को सांतरागाछी से चलेगी। वहीं, अजमेर–सांतरागाछी स्पेशल पांच मार्च से दो अप्रैल तक हर गुरुवार को अजमेर से चलेगी।

****

हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत महुदी मोड़ के पास स्थित ज्वैलरी दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर करीब 20 लाख रुपये के सोने–चांदी के आभूषण की चोरी की। बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि फिलहाल फॉरेंसिक टीम द्वारा फिंगरप्रिंट स्कैनिंग कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

****

पाकुड़ में हुए नगर निकाय चुनाव के बाद मतों की गिनती निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से किए जाने को लेकर बाजार समिति प्रांगण में मतगणना कर्मियों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

*********समाप्त***********